विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 8(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के सेवायोजन कार्यालय में शिक्षक एवं मार्गदर्शन केन्द्र के अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति सन् 2005 से आज तक रोकी गयी है? | उत्तर प्रदेश सहायक सेवायोजन अधिकारी सेवा नियमावली-1994 के भाग-तीन-भर्ती के बिन्दु 5-2(9) (10) (11) में शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्रों के अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति सहायक सेवायोजन अधिकारी के पद पर किये जाने की व्यवस्था थी।<br>वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य सेवायोजन अधिकारी सेवा नियमावली,2019 प्रचलन में है, जिसमें शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्रों के अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति की व्यवस्था नहीं है। |
| (ख) लिपिकीय संवर्ग की पदोन्नति हेतु सेवायोजन निदेशालय द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर से पदोन्नति बहाल करा दी गयी, तो अनुदेशक संवर्ग का प्रस्ताव क्यों नहीं बनाया गया? | वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य सेवायोजन अधिकारी सेवा नियमावली,2019 प्रचलन में है, जिसमें शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्रों के अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति की व्यवस्था नहीं है। |
| (ग) यदि कोई प्रस्ताव अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति से सम्बन्धित बनाया गया है या प्रक्रिया में है तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? | संशोधन के प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त उक्त सेवा नियमावली में किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं पायी गयी है। |
| (घ) सेवायोजन विभाग में अनुदेशक संवर्ग को छोड़कर कोई अन्य पद/संवर्ग उपलब्ध है जिस पद पर पदोन्नति की व्यवस्था न होने के कारण अपने मूल पद से ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं? | पुस्तकालयाध्यक्ष का पद है, जिसमें पदोन्नति का कोई प्राविधान नहीं है। |
| (ड़) यदि नहीं, तो अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति क्यों रोकी गयी है? | वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य सेवायोजन अधिकारी सेवा नियमावली,2019 प्रचलन में है, जिसमें शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्रों के अनुदेशक संवर्ग की पदोन्नति की व्यवस्था नहीं है। |

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन